| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नईदुनिया | इंदौर | 3.11.2024 | 2 | यात्री बिना सड़क किये एफ ओ बी से पहुंचेंगे मेट्रो स्टेशन |



# यात्री बिना सड़क पार किए एफओबी से पहुंचेंगे मेट्रो स्टेशन

**आइएसबीटी** ● विजय नगर और रेडिसन चौराहे पर भी मेट्रो स्टेशन को फुट ओवर ब्रिज से जोड़ेंगे, स्वचलित सीढ़ियां भी लगेंगी

उदय प्रताप सिंह ● नईदुनिया

**इंदौर** : कुम्हेड़ी में बन रहे इंटर स्टेट बस टर्मिनस (आइएसबीटी) को एमआर-10 ब्रिज के पास बन रहे मेट्रो स्टेशन से पैदल पुल के माध्यम से जोड़ने का काम शुरू कर दिया है।

आइएसबीटी से मेट्रो स्टेशन के बीच 20 मीटर हिस्से में तीन पिलर पर लोहे की गर्डर के माध्यम से 12 मीटर ऊंचाई पर एक फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) तैयार किया जाएगा। इसकी मदद से आइएसबीटी से यात्री मेट्रो स्टेशन तक बिना सड़क पार किए पहुंच सकेंगे। बस स्टैंड से स्वचलित सीढ़ियों के माध्यम से यात्री आसानी से मेट्रो स्टेशन तक जा सकेंगे। मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा आइएसबीटी के अलावा विजय नगर व रेडिसन चौराहे पर भी मेट्रो स्टेशन से जोड़ने के लिए एफओबी तैयार किया जाएगा।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आइडीए) द्वारा आइएसबीटी की इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इसी परिसर में मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा मेट्रो स्टेशन तक पहुंच के लिए प्रवेश व निकासी मार्ग की इमारत तैयार की जा रही है। ऐसे में आइएसबीटी के यात्री बस स्टैंड परिसर में बसों से उतरने के बाद यहां से सीधे मेट्रो स्टेशन तक पहुंच सकेंगे।

**तैयार हो रहा स्ट्रक्चर** : वर्तमान में मेट्रो कंपनी आइएसबीटी की इमारत में एफबीओ के लिए सीमेंट-कंक्रीट का स्ट्रक्चर तैयार कर रही है। इसके के बाद इसमें स्वचलित सीढ़ियां लगाई जाएंगी। इसके अलावा एक लिफ्ट भी लगाई जाएगी। इसके माध्यम से यात्री अपने सामान के साथ एफओबी के माध्यम से सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंच सकेंगे।

**रेडिसन चौराहे पर निगम के एफओबी से जुड़ेगा मेट्रो स्टेशन** : रेडिसन चौराहे पर चौराहा पैदल पार करने वालों की सुविधा के लिए नगर निगम एफओबी बनाएगा। इसकी एक भुजा रेडिसन चौराहे तो दूसरी भुजा स्टार चौराहे की ओर उतरेगी। इसके लिए निगम द्वारा सर्वे भी किया जा रहा है। मेट्रो रेल प्रबंधन की इस एफओबी को मेट्रो स्टेशन से इंटर कनेक्ट करने की योजना है।



आइएसबीटी से मेट्रो स्टेशन को फुट ओवर ब्रिज से जोड़ा जाएगा। इससे लोग सड़क पार किए बगैर निर्बाध रूप से दोनों स्थानों पर आवाजाही कर सक सकेंगे। ● नईदुनिया



स्टेशन के इस हिस्से में जमीन से 12 मीटर ऊंचाई पर जुड़ेगा फुटओवर ब्रिज। ● नईदुनिया

## विजय नगर में स्टेशन के दोनों ओर बनेंगे एफओबी

मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा विजय नगर चौराहे पर भी मेट्रो स्टेशन को जोड़ता हुआ एक एफओबी बनाया जाएगा। इस चौराहे पर बन रहे मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश व निकासी मार्ग के लिए इमारत का निर्माण विजय नगर थाने की मौजूदा इमारत वाली जमीन पर होगा। इसी तरह मेट्रो स्टेशन से विजय नगर जोन की सर्विस रोड पर प्रवेश व निकासी के लिए इमारत बनेगी। ऐसे में विजय नगर मेट्रो स्टेशन पर दोनों ओर आने-जाने के लिए एफओबी का निर्माण किया जाएगा।

## कंक्रीट के तीन पिलर पर तैयार होगा एफओबी, 12 मीटर की रहेगी ऊंचाई

आइएसबीटी परिसर में जहां प्रवेश व निकासी द्वार बन रहा है वह मेट्रो स्टेशन से करीब 20 मीटर दूरी पर है। इसके बीच में तीन स्थानों पर सीमेंट-कंक्रीट के पिलर तैयार किए जाएंगे। इसके लिए धरातल से 15 मीटर गहराई तक खोदाई की जाएगी। धरातल से मेट्रो स्टेशन के कान्कोर लेवल तक करीब 12 मीटर तक इन पिलर की ऊंचाई रहेगी। इनके बनने के बाद इनके ऊपर लोहे का स्ट्रक्चर रखा जाएगा। इसके सहारे मेट्रो स्टेशन व आइएसबीटी के बीच पैदल पुल तैयार होगा। इसकी मदद से यात्री मेट्रो स्टेशन से बस स्टैंड के बीच आवाजाही कर सकेंगे।



आइएसबीटी परिसर में प्रवेश व निकासी के लिए बने इस हिस्से में मेट्रो कंपनी द्वारा निर्माणाधीन इमारत से जोड़ता हुआ फुट ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। ● नईदुनिया

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 7.11.24 | J4 | मेट्रो स्टाफ को चिकित्सा सुविधाओं का प्रशिक्षण |

दैनिक भास्कर इंदौर 07-11-2024

Pg-J4

## मेट्रो स्टाफ को चिकित्सा सुविधाओं का प्रशिक्षण

इंदौर| मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा जल्द ही सुपर कॉरिडोर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर कमर्शियल रन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए ट्रैक और स्टेशन तैयार कर लिए गए हैं। स्टाफ की भी नियुक्ति करके प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। बुधवार को चिकित्सा प्रशिक्षण दिया। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अंकुर कुमार जैन ने स्टाफ को विभिन्न उपाय बताए, ताकि वे आपात स्थिति में यात्रियों को फर्स्ट एड चिकित्सा उपलब्ध करवा सकें।

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | Free Press Journal | Indore | 7.11.24 | 02 | Metro to get on track in 2025 |



# Metro to get on track in 2025



**Our Staff Reporter**
INDORE

The most awaited project of the city, Metro project is expected to get its commercial run in the 2025.

An official of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation (MPMRC) on Wednesday said that initially the metro rail will be run on a 5.9 kilometre stretch between Gandhi Nagar station to station number-three of the Super Corridor, where its trial run was carried out in September 2023. The MPMRC named this part "super priority corridor".

The official said, "We are trying to start commercial operation of the metro rail on this 5.9 km route at the beginning of the new year. For this, different tests are underway on the route."

The MPMRC will submit its report to the Commissioner of Metro Railway Safety (CMRS) as soon as these tests are completed. Afterwards, the CMRS team will inspect this route and take stock of the arrangements, he said.

According to the official, the commercial operation of metro rail can be started on this route only after getting a green signal from the CMRS.

"Metro rail stations in the city have been designed in such a way that a train of six coaches can be run through them. However, initially we will run a train of three coaches. If the number of passengers increase, three more coaches can be added to it," the official said.

The official said that about 300 passengers can travel in one coach of the metro rail, including 50 people sitting on the seat.

He said that the foundation stone for the first phase of the metro rail project with a total cost of Rs 7,500.80 crore in Indore was laid on September 14, 2019. Under this, about 31.50 km long metro rail corridor is to be built in the city.

## Metro top officials meet over Super Priority Corridor

The construction agency should make sure that the work shall be completed by the given deadline and no negligence will be tolerated in any part of the work, said Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited MD S Krishna Chaitanya during review meeting held on Wednesday. Chaitanya reviewed the progress of Indore Metro Super Priority Corridor and gave necessary instructions.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | FREE PRESS | Indore | 8.11.2024 | 2 | Metro to gainfully use vacant space below stations |



# Metro to gainfully use vacant space below stations



MPMRCL MD S K Chaitanya inspects Indore Metro work

**Our Staff Reporter**
INDORE

The Metro is considering on ways and means to use the vacant spaces below its stations in the city. The Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) managing director S Krishna Chaitanya instructed concerned officials to figure out the spaces and submit suggestions for usage of this space. He gave instructions during his onsite inspection of Indore Metro corridor on Thursday.

As of now there are two prime suggestions in which one is for plantation below the station and another is for setting up parking space for the public. However the final decision over this is yet to be taken by the higher authorities and concerned, said a metro official.

Similarly, the MD also instructed the concerned officials of Indore metro to remove all the unused and unwanted barricades installed at the corridor for ease in traffic moment on the roads along the corridor.

He said that the metro will only place barricades at such places where it is necessary and the concerned agency and officials shall ensure that the barricade should not obstruct the traffic moment and shall not cause any inconvenience to the public.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | नईदुनिया | इंदौर | 8.11.2024 | 2 | मेट्रो मार्गो से हटाए जायेंगे बेरिकेड्स , अब ट्रैफिक होगा अधिक सुगम |



### एमडी ने मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य को लेकर किया निरीक्षण

# मेट्रो मार्गों से हटाए जाएंगे बैरिकेड्स अब ट्रैफिक होगा अधिक सुगम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर :** गांधी नगर से विजयनगर तक तक मेट्रो के रुट पर निर्माण कार्य के साथ रोड पर डिवाइडर निर्माण का कार्य भी पूर्णता पर है। ऐसे में अभी जिन स्थानों पर मेट्रो निर्माण के कारण बैरिकेड्स लगे हैं उन्हें जल्द हटाया जाएगा। इससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही सुगम हो सकेगी। मेट्रो रेल प्रबंधन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने गुरुवार को निर्माण स्थलों पर से अनावश्यक बैरिकेड्स हटाने के निर्देश दिए। भविष्य में जरूरत होने पर ही बैरिकेड्स लगाने की बात कही।

गुरुवार को उन्होंने सुपर कारिडोर पर मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और इस हिस्से में व्यावसायिक रन शुरू करने के लिए सभी कांट्रैक्टर को संचालन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। एमडी ने मेट्रो स्टेशन के आसपास के खाली स्थानों पर पौधारोपण करने तथा मल्टीमाडल कनेक्टिविटी से संबंधित संरचना विकास की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए।



मेट्रो प्लेटफार्म पर निरीक्षण करते एमडी एस कृष्ण चैतन्य। ● सौजन्य मेट्रो

**डिपो व प्लेटफार्म की सुविधाओं का निरीक्षण किया :** एमडी ने सुपर प्रायोरिटी कारिडोर पर गांधी नगर डिपो तथा गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर-तीन तक के सभी पांच स्टेशनों के कान्कोर, प्लेटफार्म लेवल पर मौजूदा सुविधाओं व ट्रेन परिचालन के स्थान के निर्माण पहलुओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने डिपो परिसर में ट्रेन संचालन से संबंधित विविध कक्षों में मशीनों के लगाए जाने तथा तकनीकी रूप से चल रही तैयारियों, उपकरण कक्ष, टिकट रूम, एस्केलेटर का जायजा लिया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 06 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 8.11.2024 | J2 | मेट्रो रूट पर  जहा जरुरी नहीं वहा से बेरिकेडिंग हटाई जाए  : एम डी |

दैनिक भास्कर इंदौर 08-11-2024 Pg-J2

## सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर जनवरी में होना है कमर्शियल रन

# मेट्रो रूट पर जहां जरूरी नहीं वहां से बैरिकेडिंग हटाई जाए : एमडी



रोबोट चौराहे से खजराना की ओर मेट्रो के रूट पर इस तरह से लगे हैं बैरिकेड्स। फोटो : संदीप जैन

भास्कर संवाददाता | इंदौर

जनवरी 2025 में सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू होना है। यानी अब सिर्फ डेढ़ माह का समय बचा है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन को तेजी से काम करना होगा। इसीलिए हर सप्ताह एमडी एस. कृष्ण चैतन्य यहां निरीक्षण कर रहे हैं। मेट्रो प्रोजेक्ट में 17.5 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर पर काम चल रहा है। गुरुवार को निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि मेट्रो रूट पर जहां काम चल रहा है वहां सड़कों पर अनावश्यक रूप से लगे बैरिकेडिंग हटाएं। जहां जरूरी हो वहीं लगाएं। उन्होंने सिविल, सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, ट्रैफिक, सिग्नलिंग आदि प्रमुख कार्यों से जुड़े अधिकारियों और कंसल्टेंट प्रतिनिधियों के साथ मौका-मुआयना किया। सभी को निर्देश दिए कि समय पर काम पूरा करें। कोई परेशानी आए तो बताएं।

### 5 स्टेशनों की सुविधा व प्लेटफार्म लेवल की जानकारी ली

एमडी ने गांधी नगर डिपो, गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-3 तक के पांचों स्टेशनों की सुविधाओं, प्लेटफार्म लेवल यानी ट्रेन परिचालन आदि की जानकारी ली। डिपो में ट्रेन संचालन शुरू किए जाने से जुड़े विविध कक्षों में मशीनों के लगाए जाने तथा तकनीकी तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों से जवाब-तलब किए। स्टेशनों पर कमरों, इक्विपमेंट रूम, टिकट रूम, एस्कलेटर आदि तैयारियां देखीं। रोलिंग स्टॉक के रखरखाव, टेस्टिंग, मेट्रो स्टेशन के फसाड यानी बाहरी सुसज्जित होने वाले भाग की फिनिशिंग का काम तेजी से करने के लिए कहा। स्टेशनों का इंटीरियर का काम बाकी है। इसके अलावा स्टेशन के आसपास के खाली स्थानों पर पौधरोपण करने, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी से संबंधित संरचना विकास की संभावनाओं पर विचार करने के लिए कहा।

### मेट्रो रेल सेफ्टी जांच के लिए जल्द आएगी टीम

मेट्रो की कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) जांच के लिए जल्द ही टीम इंदौर आएगी। एमडी ने सीएमआरएस टेस्ट की तैयारियों पर भी बात की। स्पीड टेस्ट, ड्राइंग, सिस्टम वर्क आदि काम जल्दी करने के लिए कहा। निरीक्षण और बैठक में शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम डायरेक्टर), अजय गुप्ता निदेशक (प्रोजेक्ट्स), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक (सिविल एलेवेटड), राजीव कुमार गोयल महाप्रबंधक (एडमिन) के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट व अन्य मौजूद थे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 07 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 8.11.2024 | 4 | पब्लिक रन के लिए बचे हुए काम इसी माह पूरे करे : एमडी चैतन्य |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 4 November 08, 2024


मेट्रोएमडी ने सीएमआरएस टेस्ट की देखी तैयारियां

# पब्लिक रन के लिए बचे हुए काम इसी माह पूरे करें : एमडी चैतन्य


पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584460010


सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर आम लोगों के लिए मेट्रो का सफर शुरू करने के लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने इंदौर चल रहे मेट्रो विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा- वो पब्लिक रन से जुड़े हुए सभी बचे हुए काम इसी माह पूरा कर लें, साथ ही सीएमआरएस टेस्ट की तैयारियां भी शुरू कर दी जाएं। नवम्बर माह के अंत में इसके लिए आवेदन किया जाएगा, जिसके बाद सीएमआरएस की टीम सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर जांच कर रिपोर्ट देगी। यदि सब कुछ ठीक होगा तो मेट्रो आम नागरिकों के लिए शुरू की जाएगी। उन्होंने इसके लिए तकनीकी तैयारी के साथ-साथ स्पीड टेस्ट, ड्राइंग, सिस्टम वर्क, ब्रिज हेल्थ आदि कार्यों के लिए तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## प्लेटफॉर्म और ट्रेन का लेवल देखा

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांधी नगर डिपो, गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 तक के सभी पांच स्टेशन को देखा। यहां प्लेटफॉर्म और ट्रेन के लेवल, संचालन के संबंध में जानकारी ली, साथ ही स्टेशन पर बन रहे विशेष कमरों, जैसे- इक्विपमेंट रूम, टिकट रूम, एस्कलेटर आदि तैयारियों का जायजा लिया।

## फसाड कार्य में तेजी लाने के निर्देश

एमडी चैतन्य ने सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर चल रहे मेट्रो स्टेशन के बाहर साज-सज्जा और फसाड डेवलपमेंट के कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा- फिनिशिंग वर्क की गति बढ़ाएं, साथ ही मेट्रो स्टेशन के आसपास के खाली स्थानों पर पौधारोपण करें। मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी से संबंधित संरचना विकास की संभावनाओं पर भी विचार करने की बात भी कही।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 08 | पत्रिका | इंदौर | 8.11.2024 | 7 | जांच को रहे तैयार , समय पर पूरे करे काम |

पत्रिका

## मेट्रो एमडी ने किया दौरा, कमर्शियल रन के लिए तैयारियों पर जोर

# जांच को रहें तैयार, समय पर पूरे करें काम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** 15 दिसंबर को कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की जांच होनी है। इसके आधार पर तैयारी करनी होगी। यह बात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के निरीक्षण के दौरान अफसरों से कही।

सीएमआरएस की हरी झंडी के बाद कमर्शियल रन किया जाएगा। मेट्रो चलाने के लिए टिकट काउंटर और अन्य कक्ष तैयार किए जा रहे हैं। कर्मचारियों की ट्रेनिंग भी चल रही है। एमडी ने निरीक्षण के दौरान सभी तैयारियों का जायजा लिया। एक दिन पहले उन्होंने सभी कंसल्टेंट व ठेकेदारों की बैठक में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा भी की थी। जनवरी 2025 में कमर्शियल रन का टारगेट है। एमडी ने लोगों की सुविधा व सुरक्षा के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। मेट्रो स्टेशन के आस-पास पौधरोपण करने तथा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी से संबंधित संरचना विकास की संभावनाओं पर भी विचार करने की बात कही।

08/11/2024 | Indore City | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 09 | पारिवारिक दस्तक | इंदौर | 8.11.2024 | 3 | मेट्रो कॉरिडोर के कार्यो का प्रबंध संचालक द्वारा समीक्षा |

पिपलिया राव, विष्णुपुरी इंद्रपुरी, … सिख समाज के जागजीत सिंह … भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। … कार्रवाई की जाएगी। वक्फ की … जाएगी ताकि जिनका हक है उनको … मोहम्मद पठान आदि उपस्थित थे।

# मेट्रो कॉरिडोर के कार्यों का प्रबंध संचालक द्वारा समीक्षा–निरीक्षण

इन्दौर( दस्तक )। निर्माण कार्य प्रगति को गति देने तथा आम लोगों के लिए शुरू होनेवाले प्रस्तावित मार्ग पर सभी प्रकार के निर्माण कार्य को अंतिम स्वरूप देने के उद्देश्य से गत दिवस को सिविल, सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, ट्रैफिक, सिग्नलिंग आदि प्रमुख कार्यों से सीधे जुड़े अधिकारियों और कंसल्टेंट प्रतिनिधियों एवं कांट्रैक्टर्स के शीर्ष प्रतिनिधियों समीक्षात्मक बैठक के बाद प्रबंध संचालक ने निर्माण कार्य के सभी पहलुओं का ऑन स्पॉट मुआइना किया स्थल निरीक्षण के दौरान प्रबंध संचालक ने सभी कांट्रैक्टर्स को मेट्रो ट्रेन संचालन के व्यवसायिक शुरुआत यानि आमलोगों के लिए मेट्रो ट्रेन संचालन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिये इंदौर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर गंभीरता व्यक्त करते हुए प्रबंध संचालक ने सभी निर्माण स्थलों पर से अनावश्यक बैरिकेडिंग हटाने के निर्देश दिये तथा भविष्य में भी जरूरत के अनुकूल बैरिकेडिंग ही लगाए जाने पर बल दिया।

मेट्रो सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के निरीक्षण के क्रम में प्रबंध संचालक ने गांधी नगर डिपो तथा गांधी नगर स्टेशन से सुपर कोरिडोर-03 तक के सभी पाँच स्टेशनो के कान्कोर्स लेवल यानि मेट्रो स्टेशन के सुविधाओं वाले स्थान तथा प्लैटफार्म लेवल यानि ट्रेन परिचालन के स्थान के निर्माण पहलुओं की जानकारी ली।

प्रबंध संचालक ने डिपो में ट्रेन संचालना शुरू किए जाने से जुड़े विविध कक्षों में मशीनों के लगाए जाने तथा तकनीकी रूप से चल रही तैयारियों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए साथ मेट्रो स्टेशनो पर उन्होने विभिन्न प्रकार के विशेष कमरों यथा इक्विपमेंट रूम, टिकट रूम एस्कलेटर आदि तैयारियों का जायजा लिया। प्रबंध संचालक ने रोलिंग स्टॉक के रख रखाव टेस्टिंग इत्यादि कार्यों से अवगत हुए और मेट्रो स्टेशन के फसाड यानि बाहरी सुसज्जित होने वाले भाग की फिनिशिंग के लिये किये जा रहे कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही मेट्रो स्टेशन के आस-पास के खाली स्थानों पर पौधरोपण करने तथा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी से संबन्धित संरचना विकास की संभावनाओ पर भी विचार करने की बात कही। प्रबंध संचालक चैतन्य ने मेट्रो परिचालन की शुरुआत करने तथा मानक एवं सुरक्षित जन परिवहन के रूप में स्थापित होने के मेट्रो परियोजना की जाँच के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।



उन्होंने इसके लिए तकनिकी तैयारी के साथ साथ स्पीड टेस्ट ड्राइंग सिस्टम वर्क, ब्रिज हेल्थ आदि कार्यों के लिए तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए इंदौर एस. कृष्ण चैतन्यआईएएस, प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा आज सुपर प्रायोरिटी कोरिडोर गांधीनगर से सुपर कोरिडोर-03एवं गांधीनगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया प्रबंध संचालक के समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन निदेशक सिस्टम अजय गुप्ता निदेशक प्रोजेक्ट्स रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक सिविल एलेवेटेड राजीव कुमार गोयल महाप्रबंधक ऐडमिन के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 10. | प्रदेश टुडे | इंदौर | 9.11.24 | 3 | इंदौर में मेट्रो मार्गों से हटाए जाएंगे बैरिकेड्स, ट्रैफिक हो सकेगा सुगम |





मेट्रो रेल प्रबंधन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने दिए निर्देश

# इंदौर में मेट्रो मार्गों से हटाए जाएंगे बैरिकेड्स, ट्रैफिक हो सकेगा सुगम

इंदौर। गांधी नगर से विजयनगर तक तक मेट्रो के रुट पर निर्माण कार्य के साथ रोड पर डिवाइडर निर्माण का कार्य भी पूर्णता पर है। ऐसे में अभी जिन स्थानों पर मेट्रो निर्माण के कारण बैरिकेड्स लगे हैं उन्हें जल्द हटाया जाएगा। इससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही सुगम हो सकेगी। मेट्रो रेल प्रबंधन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने निर्माण स्थलों पर से अनावश्यक बैरिकेड्स हटाने के निर्देश दिए। भविष्य में जरूरत होने पर ही बैरिकेड्स लगाने की बात कही।

## खाली स्थानों पर पौधारोपण करने के निर्देश

उन्होंने सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और इस हिस्से में व्यावसायिक रन शुरू करने के लिए सभी कांट्रैक्टर को संचालन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। एमडी ने मेट्रो स्टेशन के आसपास के खाली स्थानों पर पौधारोपण करने तथा मल्टीमाडल कनेक्टिविटी से संबंधित संरचना विकास की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए।

## डिपो व प्लेटफार्म की सुविधाओं का निरीक्षण किया

एमडी ने सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर गांधी नगर डिपो तथा गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-तीन तक के सभी पांच स्टेशनों के कान्कोर, प्लेटफार्म लेवल पर मौजूदा सुविधाओं व ट्रेन परिचालन के स्थान के निर्माण पहलुओं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने डिपो परिसर में ट्रेन संचालन से संबंधित विविध कक्षों में मशीनों के लगाए जाने तथा तकनीकी रूप से चल रही तैयारियों, उपकरण कक्ष, टिकट रूम, एस्केलेटर का जायजा लिया।

## शहर की बदहाल सड़कों को लेकर हाई कोर्ट में सुनवाई चार सप्ताह बाद

इंदौर शहर की बदहाल सड़कों को लेकर हाई कोर्ट में चल रही जनहित याचिका में चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी। याचिका पूर्व पार्षद महेश गर्ग ने दायर की है। कहा है कि पूरे शहर में सड़कें बदहाल हैं। सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। सिर्फ इतना ही नहीं शहर में जलजमाव की भी विकराल समस्या है।

## सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर जनवरी में होना है कमर्शियल रन

इंदौर। जनवरी 2025 में सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू होना है। यानी अब सिर्फ डेढ़ माह का समय बचा है। मेट्रो रेल कार्पोरेशन को तेजी से काम करना होगा। इसीलिए हर सप्ताह एमडी एस. कृष्ण चैतन्य यहां निरीक्षण कर रहे हैं। मेट्रो प्रोजेक्ट में 17.5 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर पर काम चल रहा है। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि मेट्रो रूट पर जहां काम चल रहा है वहां सड़कों पर अनावश्यक रूप से लगे बैरिकेडिंग हटाएं। जहां जरूरी हो वहीं लगाएं। उन्होंने सिविल, सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, ट्रैफिक, सिग्नलिंग आदि प्रमुख कार्यों से जुड़े अधिकारियों और कंसल्टेंट प्रतिनिधियों के साथ मौका-मुआयना किया। सभी को निर्देश दिए कि समय पर काम पूरा करें। कोई परेशानी आए तो बताएं। एमडी ने गांधी नगर डिपो, गांधी नगर स्टेशन से सुपर कोरिडोर-3 तक के पांचों स्टेशनों की सुविधाओं, प्लेटफार्म लेवल यानी ट्रेन परिचालन आदि की जानकारी ली। डिपो में ट्रेन संचालन शुरू किए जाने से जुड़े विविध कक्षों में मशीनों के लगाए जाने तथा तकनीकी तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों से जवाब-तलब किए। स्टेशनों पर कमरों, इक्विपमेंट रूम, टिकट रूम, एस्कलेटर आदि तैयारियां देखीं। रोलिंग स्टॉक के रखरखाव, टेस्टिंग, मेट्रो स्टेशन के फसाड यानी बाहरी सुसज्जित होने वाले भाग की फिनिशिंग का काम तेजी से करने के लिए कहा। स्टेशनों का इंटीरियर का काम बाकी है। इसके अलावा स्टेशन के आसपास के खाली स्थानों पर पौधरोपण करने, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी से संबंधित संरचना विकास की संभावनाओं पर विचार करने के लिए कहा। मेट्रो की कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) जांच के लिए जल्द ही टीम इंदौर आएगी। एमडी ने सीएमआरएस टेस्ट की तैयारियों पर भी बात की।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | पत्रिका | इंदौर | 10.11.24 | 04 | मेट्रो ट्रेनः आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग |

पत्रिका {इंदौर प्राइम}
INDORE PRIME
पत्रिका
इंदौर, रविवार 10 नवंबर 2024
SUNDAY 04
patrika.com

## मेट्रो ट्रेनः आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग



**इंदौर @ पत्रिका.** मेट्रो ट्रैक व स्टेशन का काम पूरा करने के साथ कमर्शियल रन के लिए नियुक्त कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। स्टेशन पर टिकट खिड़की, सुरक्षा जांच आदि स्थानों पर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के विजय नगर स्थित कार्यालय पर अफसरों की देखरेख में इन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। कर्मचारियों को फायर ब्रिगेड के लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन ले जाकर फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी गई।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 10.11.24 | 04 | तैयारी: मेट्रो पटरी पर आने से पहले सुरक्षा इंतजामों को सीख रही ऑपरेशन टीम |





# तैयारी: मेट्रो पटरी पर आने से पहले सुरक्षा इंतजामों को सीख रही ऑपरेशन टीम

## आपात परिस्थितियों को कैसे कंट्रोल करें इसके गुर सिखा रहे

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क



अपने कमर्शियल रन के लिए मेट्रो रेल लगभग तैयार है। मेट्रो पटरी पर उतरे उससे पहले सुरक्षा प्रबंधों की बारीकियों से ऑपरेशन टीम अवगत करवाया जा रहा है। मेट्रो ऑपरेशन एण्ड मेंटेनेंस (ओएंडएम) टीम के लिए बाकायदा प्रशिक्षण वर्ग चल रहे हैं। लक्ष्मीबाई नगर फायर स्टेशन पर टीम के सदस्यों को अलग अलग समूह में फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी आपातकालीन परिस्थिति में यात्रियों और स्वयं की सुरक्षा के गुर सिखाने के साथ जरूरी एहतियात के बारे में भी समझा रहे है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | नईदुनिया | इंदौर | 10.11.24 | 5 | मेट्रो के स्टाफ को दिया प्रशिक्षण |

नईदुनिया
इंदौर, रविवार, 10 नवंबर, 2024 | 5

# मेट्रो के स्टाफ को दिया प्रशिक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः जनवरी में इंदौर में मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू होना है। उसके पूर्व मेट्रो स्टेशन व डिपो पर आपरेशन व मेंटेनेंस कार्य संभालने वाले स्टाफ की नियुक्ति हो गई है। अब इस स्टाफ का फायर सुरक्षा व फर्स्ट एड संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि आपातकालीन स्थिति में यह स्टाफ स्थिति पर नियंत्रण पा सके।

शनिवार को मेट्रो के 50 कर्मचारियों को लक्ष्मीबाई नगर स्थित फायर स्टेशन परिसर में आग बुझाने, फायर एक्टिंग्युशर चलाने व आगजनी के दौरान सुरक्षा उपाय क्या हो। इसका प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। वर्तमान में आपरेशन व मेंटेनेंस विंग के जिस स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उनमें सुपरवाइजर, सीनियर सुपरवाइजर व मेंटेनेंस पद पर नियुक्त कर्मचारी है।



मेट्रो के लिए नियुक्त स्टाफ को लक्ष्मीबाई नगर स्थित फायर स्टेशन में प्रशिक्षण दिया गया। ● सौ. मेट्रो प्रबंधन

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 14. | नवदुनिया | इंदौर | 12.11.24 | 02 | मेट्रो कोच में सुरक्षा जांच की हो रही 'ट्रायल टेस्टिंग |



लखनऊ के आरडीएसओ की टीम ने इंदौर में किया निरीक्षण

# मेट्रो कोच में सुरक्षा जांच की हो रही 'ट्रायल टेस्टिंग'



आरडीएसओ की टीम ने मेट्रो कोच का टेस्ट ट्रायल शुरु किया है। • फाइल फोटो

उदय प्रताप सिंह • नईदुनिया

इंदौर : जनवरी में होने वाले मेट्रो के कमर्शियल रन में शहरवासी भी मेट्रो के सफर कर सकेंगे। इसके पहले कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम इंदौर में मेट्रों का जांच करेगी। इसके पहले रेलवे बोर्ड की लखनऊ स्थित रिसर्च डिजाइन रोड आर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) की टीम इंदौर में मेट्रो कोच सेट की ट्रायल टेस्टिंग कर रही है। मेट्रो कोच को तय स्पीड पर वायडक्ट के ट्रैक पर चलाकर उनके आसीलेशन की जांच की जा रही है। इसमें यह जांचा जा रहा है कि जब कोच तय स्पीड पर चलेंगे तो उसमें वाइब्रेशन कितना होगा।

यात्रियों की सुरक्षा के लिए यह अहम बिंदु है। इसी तरह मेट्रो कोच को चलाकर यात्री सुरक्षा संबंधित अन्य तय पैरामीटर की जांच आरडीएसओ की टीम प्रमाणीकरण करेगी। सीएमआरएस के दौरे से पहले यह प्रमाणीकरण आवश्यक है। इसके आधार पर भी मेट्रो कोच को यात्री के सफर के लिए सुरक्षित बताया जाएगा। टीम द्वारा 10 नवंबर से जांच की प्रक्रिया शुरू की गई जो अगले दो सप्ताह में पूरी होने की संभावना है। टीम की रिपोर्ट के आधार पर टेक्निकल क्लीयरेंस का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। इस प्रमाण-पत्र को सीएमआरएस को सौंपा जाएगा।

## आरडीएसओ की टीम इन मापदंडों की कर रही जांच

- **कोच का ब्रेकिंग डिस्टेंस** : ब्रेक लगाने पर कितनी दूरी पर कोच रुकेगा।
- **आक्सीलेशन ट्रायल** : वाइब्रेशन लेवल कितना है और यात्रियों को कितना आरामदायक महसूस होगा।
- **बोगी फ्रेम व व्हील एक्सल जांच** : तय मानक के अनुरूप कोच व व्हील एक्सल की निर्धारक मानकों के आधर पर गुणवत्ता
- **शेड्यूल आफ डायमेंशन** : प्लेटफार्म से कोच की निर्धारित दूरी।

## सीएमआरएस के लिए डाक्यूमेंट अपलोडिंग शुरू

कमर्शियल रन के पहले कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम इंदौर में मेट्रो सुरक्षा संबंधित जांच के लिए आएगी। इसके पहले मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा मेट्रो संबंधित दस्तावेज सीएमआरएस के निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें कई तरह के प्रमाण पत्र व सुरक्षा मानक संबंधित डाक्यूमेंट अपलोड किए जाएंगे।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | नवभारत | इंदौर | 17.11.2024 | 7 | मेट्रो के 11 स्टेशन के काम में तेजी लाएं |

# मेट्रो के 11 स्टेशन के काम में तेजी लाएं

- समय सीमा में काम पूरे करने के निर्देश
- प्रबंध संचालक ने किया साप्ताहिक निरीक्षण



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आज मेट्रो रेल के सुपर कॉरीडोर-2 से मालवीय नगर चौराहे तक स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का प्रबंध संचालक ने साप्ताहिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान सभी निर्माण एजेंसियों को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए.

मेट्रो रेल के प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने सुपर प्रायोरिटी कॉरीडोर पर मेट्रो रेल की शुरुआत करने संबधी जानकारी ली. मेट्रो रेल का गांधी नगर से टीसीएस चौराहे तक दिसंबर में शुरू करने का तय किया गया है. इसके मानक एवं सुरक्षित जन परिवहन के रूप में स्थापित होने के मेट्रो परियोजना के सीएमआरएस जाँच की और तैयारियों का जायजा लिया. इसके बाद चैतन्य ने सुपर कॉरीडोर 02 स्टेशन से लेकर मालवीय नगर चौराहा स्टेशन (रेडिसन स्क्वेयर) तक 11 मेट्रो स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का मौका निरीक्षण किया. तत्पश्चात अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक में सभी काम समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए.

बैठक में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक (सिविल एलिवेटेड), अजय कुमार महाप्रबंधक (सिविल अन्डरग्राउन्ड), राजीव कुमार गोयल, महाप्रबंधक (एडमिन) के साथ जनरल कंसल्टेंट, मेट्रो निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल थे.

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | नईदुनिया | इंदौर | 17.11.2024 | 3 | मेट्रो वायडक्ट के अधूरे हिस्से को पूरा करने के लिए रेलवे देगा ब्लाक |



# मेट्रो वायडक्ट के अधूरे हिस्से को पूरा करने के लिए रेलवे देगा ब्लाक

- एमडी ने निर्माणाधीन स्टेशन का किया निरीक्षण
- प्रायोरिटी कारिडोर समय सीमा में पूरा करने के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक 17 किलोमीटर के मेट्रो के हिस्से में सुपर कारिडोर ओवरब्रिज के पास रेलवे वाले हिस्से वायडक्ट का काम अधूरा है। ऐसे में इस हिस्से का निर्माण पूरा करने के लिए रेलवे जल्द ही ब्लाक देगा। इसके बाद मेट्रो प्रबंधन रेलवे ट्रैक पर स्टील की गर्डर रख वायडक्ट का अधूरा हिस्सा पूरा करेगा।

शनिवार को मेट्रो रेल प्रबंधन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 2 से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो के हिस्से का अवलोकन किया। निर्माणाधीन 11 मेट्रो स्टेशन भी देखे व अधिकारियों, कंसल्टेंट, कांट्रेक्टर को सुपर प्रायोरिटी कारिडोर का काम तय समय सीमा में करने के निर्देश दिए।

**सीएमआरएस के लिए दस्तावेज की प्रक्रिया जल्द होगी पूरी :** गांधी नगर से सुपर कारिडोर के बीच मेट्रो 5.9 किलोमीटर हिस्से में जनवरी 2025 तक कमर्शियल रन होगा और मेट्रो कोच में लोग सफर कर सकेंगे। इसके पहले कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमएआरएस) की टीम निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपेगी। इसके आधार पर मेट्रो के संचालन का निर्णय लिया जाएगा। टीम के आने के पहले मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा मेट्रो कोच, स्टेशन के सुरक्षा संबंधित सभी तय मापदंडों को लेकर सीएमआरएस को आनलाइन पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड कर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके बाद ही दिसंबर में सीएमआरएस टीम के इंदौर आने की संभावना है। वहीं फिलहाल रेलवे बोर्ड की लखनऊ स्थित रिसर्च डिजाइन रोड आर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) की टीम इंदौर में मेट्रो कोच तय उच्चतम स्पीड से चलाकर कोच में यात्रियों की सुरक्षा के तय मानकों की जांच कर रही है। टीम की रिपोर्ट सीएमआरएस को भेजी जाएगी।



मेट्रो के हिस्से में निर्माणाधीन स्टेशन का अवलोकन किया करते मेट्रो रेल प्रबंधन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य। • सौजन्य

### रेडिसन चौराहे तक मेट्रो वायडक्ट पर बिछाई पटरियां

मेट्रो प्रबंधन द्वारा गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 के प्रायरिटी कारिडोर के बाद अब रेडिसन तक वायडक्ट का काम लगभग पूरा हो चुका है। इससे रेडिसन चौराहे तक मेट्रो के वायडक्ट पर मेट्रो कोच के लिए अप-डाउन स्ट्रीम की पटरियां बिछा दी हैं और कुछ हिस्सों में मेट्रो कोच की विद्युत के लिए थर्ड रेल बिछाना शुरू किया है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | पत्रिका | इंदौर | 17.11.2024 | 2 | मेट्रोः समय पर पूरा करें काम, सुरक्षा का हो ध्यान |

पत्रिका {माय सिटी} MY CITY

Pg-II

पत्रिका SUNDAY patrika.com
इंदौर, रविवार 17 नवंबर 2024

विकास का मुआयना...

एमडी ने अफसरों के साथ की साप्ताहिक बैठक

# मेट्रोः समय पर पूरा करें काम, सुरक्षा का हो ध्यान



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने शनिवार को सुपर कॉरिडोर 2 से रेडिसन चौराहा स्टेशन तक चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। एमडी ने पहले सिविल, सिस्टम विभागों के अधिकारियों, कंसल्टेंट व कान्ट्रैक्टर के साथ विजय नगर मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक की। जिसमें सिविल और स्ट्रक्चर के निर्माण कार्यों को पूरा करने की बात कही।

मेट्रो एमडी ने सुपर कॉरिडोर 2 स्टेशन से लेकर रेडिसन चौराहे तक 11 मेट्रो स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों और कंसल्टेंटको तय समय पर सभी काम पूरे करने के जरूरी निर्देश दिए। इसके अलावा मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षित जन परिवहन के लिए भी उचित उपाय करने की बात कही। बैठक में शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक(प्रोजेक्ट्स), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक (सिविल एलिवेटेड), अजय कुमार महाप्रबंधक (सिविल अंडरग्राउंड), राजीव कुमार गोयल के साथ जनरल कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 17.11.2024 | J4 | मेट्रो ट्रेन के कमर्शियल रन में 45 दिन शेष, समय पर हो काम : एमडी |


दैनिक भास्कर इंदौर 17-11-2024 Pg-J4

# मेट्रो ट्रेन के कमर्शियल रन में 45 दिन शेष, समय पर हो काम : एमडी

## अब पूरा जोर सुपर कॉरिडोर के 6 किलोमीटर हिस्से पर, अब हर सप्ताह समीक्षा होगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

जनवरी 2025 में मेट्रो का कमर्शियल रन होना है। अब सिर्फ 45 दिन बचे हैं। इसलिए पूरा जोर सुपर कॉरिडोर के 6 किमी के हिस्से में ही कमर्शियल रन होना है। हालांकि इस हिस्से में यात्री ही नहीं मिलेंगे। इसके आगे लवकुश चौराहा, एमआर 10, बापट, विजय नगर, रेडिसन और रोबोट चौराहा तक भी काम चल रहा है, लेकिन वहां तो अभी तक एलिवेटेड कॉरिडोर और स्टेशन का काम ही नहीं हुआ है। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एक साल बाद यानी वर्ष 2025 के अंत तक पूरे ट्रैक पर कमर्शियल रन की तैयारी कर रहा है, लेकिन काम की रफ्तार को देखते हुए नहीं लगता है कि इतनी जल्दी काम पूरा हो पाएगा।



शनिवार को कॉरपोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक बुलवाई। वे हर सप्ताह समीक्षा बैठक ले रहे हैं, ताकि जिम्मेदारी तय हो सके। एमडी ने सुपर कॉरिडोर-2 स्टेशन से लेकर मालवीय नगर चौराहा स्टेशन (रेडिसन चौराहा) तक 11 स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इनका काम करने की जो समय सीमा तय की गई है, उसी में काम पूरा करें। प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम समय पर पूरा होना चाहिए। जहां ट्रायल रन होना है, उसके लिए सीएमआरएस यानी कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी का निरीक्षण भी होना है। उसके लिए कॉरपोरेशन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बैठक में सिस्टम डायरेक्टर शोभित टंडन, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय गुप्ता, महाप्रबंधक सिविल रणवीर सिंह राजपूत, महाप्रबंधक सिविल अंडर ग्राउंड अजय कुमार, राजीव कुमार गोयल सहित अन्य मौजूद थे।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | पीपल'स समाचार | इंदौर | 17.11.2024 | 7 | CMRS जांच के लिए डाक्यूमेंट तैयार करने जुटी मेट्रो की टीम |

# CMRS जांच के लिए डाक्यूमेंट तैयार करने जुटी मेट्रो की टीम

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584460010



इंदौर में भोपाल से पहले मेट्रो का पब्लिक रन करने की तैयारी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन कर रहा है, जिसके लिए मेट्रो के पांच स्टेशन, डिपो, और ट्रैक सहित अन्य की जांच हेतु सीएमआरएस टीम को बुलाने की तैयारी की जा रही है। शनिवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने 11 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक 17 किलोमीटर पूरे मेट्रो ट्रैक पर इंदौरवासी जुलाई 2025 तक यात्रा कर सकें, इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। यहां स्टेशन और एप्रोच निर्माण पूरे किए जाएं। इसके अलावा पब्लिक रन के लिए सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर तैयारी की जा रही है, यहां पांच स्टेशन बने है। सभी अधिकारियों को बैठक कर काम 30 नवंबर 2024 तक पूरा करने के निर्देश दिए है। हमारी तैयारी अब सीएमआरएस जांच टीम को बुलाने की हो रही है, इसके लिए सभी विभाग डाक्यूमेंट तैयार कर रहे हैं।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | नवभारत | इंदौर | 18.11.2024 | 04 | मेट्रों के 11 स्टेशन के काम में तेजी लाएं |



# मेट्रों के 11 स्टेशन के काम में तेजी लाएं

- समय सीमा में काम पूरे करने के निर्देश
- प्रबंध संचालक ने किया साप्ताहिक निरीक्षण



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आज मेट्रो रेल के सुपर कॉरीडोर-2 से मालवीय नगर चौराहे तक स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का प्रबंध संचालक ने साप्ताहिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान सभी निर्माण एजेंसियों को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए.

मेट्रो रेल के प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने सुपर प्रायोरिटी कॉरीडोर पर मेट्रो रेल की शुरुआत करने संबधी जानकारी ली. मेट्रो रेल का गांधी नगर से टीसीएस चौराहे तक दिसंबर में शुरू करने का तय किया गया है. इसके मानक एवं सुरक्षित जन परिवहन के रूप में स्थापित होने के मेट्रो परियोजना के सीएमआरएस जाँच की और तैयारियों का जायजा लिया. इसके बाद चैतन्य ने सुपर कॉरीडोर 02 स्टेशन से लेकर मालवीय नगर चौराहा स्टेशन (रेडिसन स्क्वेयर) तक 11 मेट्रो स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का मौका निरीक्षण किया. तत्पश्चात अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक में सभी काम समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए.

बैठक में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक (सिविल एलिवेटेड), अजय कुमार महाप्रबंधक (सिविल अन्डरग्राउन्ड), राजीव कुमार गोयल, महाप्रबंधक (एडमिन) के साथ जनरल कंसल्टेंट, मेट्रो निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल थे.

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | **नईदुनिया** | **इंदौर** | 21.11.2024 | 2 | **970 यात्रियों के बराबर 63 हजार किलो वजन लेकर दौड़ी मेट्रो ट्रेन** |

नईदुनिया
इंदौर, गुरुवार, 21 नवंबर, 2024
इंदौर सिटी
Pg-II

# 970 यात्रियों के बराबर 63 हजार किलो वजन लेकर दौड़ी मेट्रो ट्रेन

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : मेट्रो स्टेशन के पिलर व वायडक्ट की लोड टेस्टिंग के बाद कोच की भी लोड टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। रेलवे की लखनऊ की रिसर्च डिजाइन रोड आर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) की टीम ने मेट्रो कोच को 50 से 90 किलोमीटर प्रतिघंटा की अलग-अलग स्पीड पर दौड़ाया और खाली कोच और यात्री क्षमता के अनुसार लोड टेस्टिंग की।

मेट्रो के तीन कोच में अधिकतम यात्री क्षमता 970 यात्री (150 सीट पर बैठे और 820 खड़े) यानी करीब 63 हजार किलो वजन की रेत की बोरियां रखकर लोड टेस्टिंग की गई।

आरडीएसओ की टीम ने नौ से 17 नवंबर के बीच नौ दिन तक मेट्रो को कोच खाली व उसमें वजन रख सुपर कारिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से के प्रायोरिटी कारिडोर पर चलाया। इस तरह आरडीएसओ टीम द्वारा मेट्रो कोच का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। यह परीक्षण मेट्रो कोच में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अहम है। आरडीएसओ अब जल्द मेट्रो रेल प्रबंधन को इसकी रिपोर्ट सौंपेगा। जनवरी में होने वाले कमर्शियल रन के पहले कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) को इसकी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। परीक्षण की प्रक्रिया के समापन पर मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य, निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन, निदेशक (परियोजना) अजय कुमार गुप्ता व निदेशक (परीक्षण) आरसी तिवारी ने आरडीएसओ के परीक्षण के निष्कर्षों की समीक्षा की।

- लोड टेस्टिंग : आरडीएसओ की टीम ने जांचा कितना आरामदायक व सुरक्षित होगा इंदौरवासियों का मेट्रो में सफर
- 50 से 90 किमी प्रतिघंटा की अलग-अलग स्पीड पर मेट्रो कोच चलाया



टीम ने मेट्रो कोच में उपकरण रखकर यात्री सुरक्षा के तय मापदंड जांचे। • सौजन्य मेट्रो



मेट्रो कोच का लोड टेस्ट मशीनों के माध्यम से किया गया। • सौजन्य मेट्रो

**इमरजेंसी ब्रेक भी लगाकर परीक्षण हुआ** : आरडीएसओ की टीम आप्टिकल डिसप्लेसमेंट सेंसर, एक्सीलेरोमीटर, टेम्परेचर सेंसर व स्पीड सेंसर जैसे उपकरण लेकर मेट्रो कोच में बैठे। वायडक्ट पर कोच को तेज गति से चलाने के दौरान लोड टेस्टिंग के लिए रखे गए रेत की बोरियों की स्थिति में बदलाव व कंपन के स्तर को मापा गया। इसके अलावा कोच को ढलान की स्थिति में रखकर ब्रेक लगाकर परीक्षण किया गया। इसके अलावा इमरजेंसी ब्रेक भी अलग-अलग गति पर लगाकर यह जांचा गया कि ब्रेक लगाने पर कोच कितनी दूरी पर रुकता है। इस तरह की जांच से यह सुनिश्चित किया गया कि यात्रियों के लिए कोच में सफर कितना आरामदायक होगा। कोच के प्लेटफार्म से निर्धारित दूरी व अन्य मापदंडों की भी जांच की गई। इस तरह विशेषज्ञों ने राइड क्वालिटी, स्थिरता, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस और संपूर्ण रोलिंग स्टाक का मूल्यांकन मशीनों के माध्यम से दर्ज किया। यह डेटा के आधार पर आरडीएसओ रिपोर्ट देगा, जो इंदौर मेट्रो के कमर्शियल रन के पहले सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

> आसिलेशन और ईबीडी का सफल परीक्षण इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके लिए मेट्रो टीम, कांट्रेक्टर, कंसल्टेंट ने कड़ी मेहनत की है। परीक्षण की यह सफलता इंदौर में विश्वस्तरीय मेट्रो प्रणाली प्रदान करने के हमारे विज़न को पूरा करेगी।
>
> **-एस. कृष्ण चैतन्य**
> **एमडी, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.**

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Free press journal | Indore | 21.11.2024 | 03 | Metro gets one step closer to commercial run |

THE FREE PRESS JOURNAL

indore
Indore, Thursday, 21 November 2024

Pg-03

# Metro gets one step closer to commercial run

**Our Staff Reporter**
INDORE

Metro successfully completed Oscillation and Emergency Braking Distance (EBD) Trials of Metro Rolling Stock (Train) by Research Design and Standards Organization (RDSO), Ministry of Railways on Wednesday.

Trials of metro took place from November 09 2024 to November 17, 2024 on the mainline track between Gandhi Nagar Station and Super Corridor-03 Station.

"The trials were carried out as per a well-defined test scheme, focusing on assessing the oscillatory behaviour and braking performance of the rolling stock under various operational scenarios,"said Metro officials.

RDSO experts meticulously measured and recorded essential parameters, including ride quality, stability, emergency braking distances, and overall rolling stock performance. This data is pivotal for obtaining safety certification and technical clearance for commercial operations of the Indore Metro.



The successful completion of these trials marks a major milestone in the Indore Metro Rail Project, ensuring that the rolling stock meets the highest standards of safety, reliability, and efficiency.

After completion of the trials, S Krishna Chaitanya, managing director, MPMRCL, along with Shobhit Tandon, director (Systems), and Ajay Kumar Gupta, director (Projects), discussed the outcomes and technical findings of trials with RS Tiwari, director (Testing), RDSO.

The data and insights gathered during the trials will now be analysed to finalise safety certifications and technical approvals, facilitating the commencement of metro operations in Indore. This achievement underscores MPMRCL's unwavering commitment to adhering to global standards of safety, performance, and passenger comfort, metro officials added.

> "The successful completion of oscillation and EBD trials is a significant milestone for the Indore Metro project. I extend my heartfelt congratulations to the entire MPMRCL team, including Contractors, General Consultants for their dedication and hard work in achieving this landmark. This accomplishment takes us one step closer to realising our vision of providing a world-class metro system in Indore"
>
> **S Krishna Chaitanya**
> Managing director,
> Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | **दैनिक भास्कर** | **इंदौर** | 21.11.2024 | J2 | **मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी ऑडिट पूरा, रिपोर्ट 7 दिन में आएगी** |

दैनिक भास्कर इंदौर 21-11-2024 Pg-J2

# मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी ऑडिट पूरा, रिपोर्ट 7 दिन में आएगी

## जनवरी 2025 में सुपर कॉरिडोर पर 6 किलोमीटर के हिस्से में कमर्शियल रन किया जाना है

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी ऑडिट पूरा हो गया। 7 दिन में इसकी रिपोर्ट आएगी। दरअसल, मेट्रो ट्रेन के कमर्शियल रन के पहले मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को आरडीएसओ और सीएमआरसी की एनओसी लेना होगी, क्योंकि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रेल मंत्रालय की टीम निरीक्षण के लिए आएगी।

हाल ही में रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने मेट्रो रोलिंग स्टॉक (ट्रेन) का निरीक्षण किया। ट्रेन की टेस्टिंग की गई। स्पीड, ब्रेक, इमरजेंसी ब्रेक, सॉफ्टवेयर, वायरिंग सहित सारी तकनीकी जांच की गई। अंतिम रिपोर्ट के बाद सीएमआरसी की टीम सिविल वर्क, ट्रेन सहित सभी सेवाओं का मुआयना कर एनओसी जारी करेगी।



मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी ऑडिट करती आरडीएसओ की टीम के सदस्य।

ऑडिट के दौरान मेट्रो रोलिंग स्टॉक (ट्रेन) के लिए दोलन (ऑसिलेशन) और इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण किया गया। 9 से 17 नवंबर 2024 तक गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 स्टेशन के बीच मुख्य लाइन ट्रैक पर टीम ने टेस्टिंग की। इसके तहत कई महत्वपूर्ण मापदंडों जैसे राइड क्वालिटी, स्थिरता, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस और सम्पूर्ण रोलिंग स्टॉक का मूल्यांकन रिकॉर्ड किया। यह डेटा इंदौर मेट्रो के वाणिज्यिक संचालन के लिए सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### सेफ्टी ऑडिट सबसे अहम पड़ाव : एमडी

एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने कहा कि यह इस प्रोजेक्ट का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इंदौर मेट्रो परियोजना शहर में शहरी परिवहन का स्वरूप बदल देगी और शहरवासियों को कुशल और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली प्रदान करेगी। मालूम हो, जनवरी 2025 में सुपर कॉरिडोर पर 6 किमी के हिस्से पर कमर्शियल रन किया जाना है। आरडीएसओ के बाद सीएमआरसी सेफ्टी को लेकर निरीक्षण करेगा। इसके बाद गांधी नगर से रोबोट तक 17.5 किमी तक के कॉरिडोर को आम जनता के लिए शुरू किया जाएगा।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | **पीपु समाचार** | **इंदौर** | 21.11.2024 | 03 | **रेलवे के टेस्ट में इंदौर मेट्रो ट्रेन पास** |

पीपुल्स समाचार
इंदौर सिटी Page: 3 November 21, 2024

सफलता : अब मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त करेंगे जांच, इसके बाद होगा पब्लिक रन

# रेलवे के टेस्ट में इंदौर मेट्रो ट्रेन पास

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौर की मेट्रो रेल ने जांच का एक बड़ा पड़ाव पार कर लिया है, जिससे इंदौर में नए साल में मेट्रो ट्रेन चलाने की संभावना बढ़ गई। इंदौर की मेट्रो ट्रेन की जांच भारतीय रेल द्वारा संचालित संस्था अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ द्वारा की गई। 9 से 17 नवंबर तक परीक्षण किया और मेट्रो संचालन से जुड़े प्रत्येक कम्पोनेंट और मूवमेंट की जांच गहनता से की गई। इस परीक्षण को मेट्रो ने सफलतापूर्वक पास किया। इसके बाद जल्द ही मेट्रो जांच के अंतिम पड़ाव पर पहुंच जाएगी, जिसमें मेट्रो रेल के सुरक्षा आयुक्त द्वारा मेट्रो संचालन से संबंधी प्रत्येक जांच होगी।

**पांच स्टेशनों पर दौड़ी मेट्रो-** तकनीकी डायरेक्टर टंडन ने बताया कि उक्त परीक्षण पूर्ण होने के बाद निष्कर्ष का अध्ययन हम करेंगे, जिसके आधार पर सीएमआरएस को बुलाने हेतु आवेदन किया जाएगा। यह प्रक्रिया दिसंबर माह में पूरी होने की उम्मीद है। यह परीक्षण मेट्रो ट्रेन को गांधीनगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 स्टेशन के बीच चलाकर किया गया।



मेट्रो ट्रेन कोच का मॉडल सौंपते हुए।



कोच के गेट ओपन और क्लोज का टेस्ट किया गया।

## भारतीय रेल मेट्रो कोच ने माना फिट

मेट्रो रेल के तकनीकी डायरेक्टर शोभित टंडन ने बताया कि अब हम सीएमआरएस टेस्ट करवाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भोपाल से पहले इंदौर में मेट्रो ट्रेन का संचालन सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर आरंभ होगा, इस लिहाज से इंदौर को बड़ी उपलब्धि मिली है। आरडीएसओ लखनऊ द्वारा मेट्रो ट्रेन के कोच को पूरी तरह संचालन के योग्य माना है। इसके साथ ही भारतीय रेल के अधिकारियों ने ट्रेन को पूरी तरह से इंदौर के लिए फिट माना है। जल्द ही इसके दस्तावेज और प्रमाण-पत्र मेट्रो रेल को दिए जाएंगे।



मेट्रो ट्रेन के संचालन के लिए ये टीम लगातार जुटी हुई है।

मैं अपनी टीम को बधाई देता हूं कि भारतीय रेल के मानकों पर इंदौर मेट्रो खरी साबित हुई। जल्द ही मेट्रो का अंतिम टेस्ट भी होगा, जिसको सीएमआरएस टेस्ट कहा जाता है। इसके पास हो जाने के बाद मेट्रो चलना आसान होगा, जिसमें मेट्रो संचालन, स्टेशन, डिपो का टेस्ट होगा।

– एस. कृष्ण चैतन्य, एमडी, एमपीएमआरसीएल

### इनकी हुई जांच

1. कोच लाइटिंग
2. एनाउंसमेंट सिस्टम
3. ब्रेकिंग सिस्टम
4. इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम
5. सीटिंग फैसिलिटी
6. लाइटिंग सिस्टम
7. सुरक्षा उपाय
8. गेट ओपन एंड क्लोज सिस्टम
9. स्टेशन मार्गदर्शिका
10. महिला, दिव्यांग और वृद्धजन सुविधा
11. कोच डिजाइन

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | **राज एक्सप्रेस** | **इंदौर** | 21.11.2024 | 5 | **सब ठीक रहा: इंदौर मेट्रो रेल के पहले चरण का हुआ सफल सुरक्षा परीक्षण, निष्कर्षों की समीक्षा** |







### प्रमाणन से पूर्व हुआ ऑसिलेशन और इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण

# सब ठीक रहा: इंदौर मेट्रो रेल के पहले चरण का हुआ सफल सुरक्षा परीक्षण, निष्कर्षों की समीक्षा

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन इंदौर और भोपाल में पहले कमर्शियल रन के लिए काम की गति को तेज किए हुए है। जनवरी में इंदौर में मेट्रो रेल का संचालन शुरू होना है और इससे पहले सुरक्षा प्रमाणन प्राप्त किया जाना है। बुधवार को रिसर्च डिजाइन एण्ड स्टैण्डर्ड आर्गेनाजेशन (आरडीएसओ) के अधिकारियों ने फुल स्पीड ट्रायल रन किया। इस रन के साथ इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस (इबीडी) और मेट्रो रोलिंग स्टॉक के लिए ऑसिलेशन का भी परीक्षण किया। गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 के मध्य मुख्य लाइन ट्रैक पर यह परीक्षण किए गए। गौरतलब है कि यह परीक्षण 9 नवंबर से शुरू किए गए जो लगातार जारी है। इन परीक्षणों का उद्देश्य रोलिंग स्टॉक के विभिन्न परिचालन



परिदृश्यों के तहत ऑसिलेशन और ब्रेकिंग का मूल्यांकन करना है। परीक्षणों के सफल समापन पर एमडी एस. कृष्ण चैतन्य, निदेशक शोभित टंडन, अजय कुमार गुप्ता ने निदेशक परीक्षण आरएस तिवारी के साथ परीक्षणों के निष्कर्षों की समीक्षा की।

## इंदौर मेट्रो के लिए बड़ी उपलब्धि

एमडी चैतन्य ने कहा कि ऑसिलेशन और इबीडी परीक्षणों का सफल परीक्षण इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए मेट्रो टीम, कॉन्ट्रकटर, कन्सल्टन्ट को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। यह सफलता इंदौर में विश्व स्तरीय मेट्रो प्रणाली प्रदान करने के हमारे विजन को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा इंदौर मेट्रो परियोजना शहर में शहरी परिवहन का स्वरूप बदल देगी। शहरवासियों के लिए एक विश्वसनीय परिवहन प्रणाली जल्द प्राप्त होगी।

## महत्वपूर्ण डेटा का किया संग्रह

आरडीएसओ के विशेषज्ञों ने कई महत्वपूर्ण मापदंडों जैसे राइड क्वालिटी, स्थिरता, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस, और सम्पूर्ण रोलिंग स्टॉक का मूल्यांकन रिकॉर्ड किया। यह डेटा इंदौर मेट्रो की वाणिज्यिक संचालन के लिए सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी सफल परीक्षण इंदौर मेट्रो रेल परियोजना की खास उपलब्धि को दर्शाता है। इससे साबित भी हुआ है कि रोलिंग स्टॉक सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता के उच्चतम मानकों को पूरा कर लिया गया है। इसके बाद तकनीक और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त होने की राह भी आसान हो गई है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | **पत्रिका** | **इंदौर** | 21.11.2024 | 02 | **इमरजेंसी ब्रेक, लोड टेस्ट, राइड क्वालिटी में हमारी मेट्रो सफल, अगले माह से ट्रैक पर** |



INDOREPRIME
इंदौर प्राइम
पत्रिका patrika.com
इंदौर, गुरुवार 21 नवंबर 2024
Pg-II

**5.9 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर कई दिनों से चल रहा था ट्रायल**

**970 पैसेंजर जितनी रेत की बोरियां रखकर किया लोड टेस्ट**

# इमरजेंसी ब्रेक, लोड टेस्ट, राइड क्वालिटी में हमारी मेट्रो सफल, अगले माह से ट्रैक पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** हमारी मेट्रो अब प्रीमियम इंदौर को और रफ्तार देने के लिए तैयार हो चुकी है। 5.9 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर गांधी नगर डिपो से सुपर कॉरिडोर स्टेशन 3 तक परीक्षण में विभिन्न मानदंडों पर मेट्रो खरी उतरी है। देश में रेलवे उपकरणों के डिजाइन और मानकों का परीक्षण करने वाले संगठन रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) की टीम ने ये परीक्षण किए थे। 9 से 17 नवंबर तक मेट्रो की राइड क्वालिटी, लोड टेस्ट, स्थिरता, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस और रोलिंग स्टॉक टेस्ट किया गया, जो सफल रहा। सेफ्टी रिपोर्ट आने पर सीएमआरएस की अनुमति के बाद दिसंबर से प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का कमर्शियल रन होगा। अधिकारियों के मुताबिक, आरडीएसओ की टीम ने 10 दिन में मेट्रो को ट्रैक पर 20 से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया। मेट्रो के तीन कोच में 970 पैसेंजर सफर कर सकते हैं। इसी आधार पर रेत की बोरियां रखकर लोड टेस्ट किया।

वीडियो देखने के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड

## सीएमआरएस की अनुमति पर मिलेगी सौगात

आरडीएसओ की टीम द्वारा मेट्रो की सभी जांच का मूल्यांकन रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इस डाटा के आधार पर इंदौर मेट्रो के संचालन के लिए सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी के साथ 8-10 दिन में ट्रेन सेफ्टी रिपोर्ट दी जाएगी। इसके बाद मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा यह रिपोर्ट कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) को सबमिट की जाएगी। सीएमआरएस की अनुमति के बाद ट्रैक पर फर्राटे भरने को मेट्रो तैयार हो जाएगी। बताया गया है कि मेट्रो के लिए अन्य आवश्यक तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

## इंदौर के लिए बड़ी उपलब्धि

मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने कहा कि ऑसिलेशन और ईबीडी परीक्षणों का सफल होना इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मैं इस उपलब्धि पर मेट्रो टीम, कॉन्ट्रेक्टर, कंसल्टेंट को बधाई देता हूं। यह सफलता इंदौर में विश्व स्तरीय मेट्रो प्रणाली प्रदान करने के हमारे विजन को पूरा करने की दिशा में बेहद खास कदम है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | **नवभारत** | **इंदौर** | 21.11.2024 | 02 | **मेट्रो का इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण सफल** |



# मेट्रो का इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण सफल

## गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 स्टेशन के बीच मुख्य ट्रैक पर किया






**इंदौर. मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा कराया गया इंदौर मेट्रो रोलिंग स्टॉक के लिए दोलन (ऑसिलेशन) और इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. ये परीक्षण अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन द्वारा 9 से 17 नवंबर तक गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 स्टेशन के बीच मुख्य लाइन ट्रैक पर आयोजित किए गए.**

इन परीक्षणों का उद्देश्य रोलिंग स्टॉक के विभिन्न परिचालन परिदृश्यों के तहत ऑसिलेशन व्यवहार और ब्रेकिंग का मूल्यांकन करना था. इस दौरान आरडीएसओ के विशेषज्ञों ने सावधानीपूर्वक कई महत्वपूर्ण मापदंडों जैसे राइड क्वालिटी, स्थिरता, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस, और सम्पूर्ण रोलिंग स्टॉक का मूल्यांकन रिकॉर्ड किया. यह डेटा इंदौर मेट्रो की वाणिज्यिक संचालन के लिए सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है.

परीक्षणों के सफल समापन पर मेट्रो के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य, एवं निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, अजय कुमार गुप्ता निदेशक परियोजना ने आर.एस. तिवारी निदेशक परीक्षण के साथ परीक्षणों के निष्कर्षों की समीक्षा की.

### एक महत्वपूर्ण उपलब्धि...

इस अवसर पर श्री चैतन्य ने कहा ऑसिलेशन और ईबीडी परीक्षणों का सफल समापन इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. मैं इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए मेट्रो टीम, कॉनट्रकटर, कन्सल्टन्ट को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देता हूं. यह सफलता इंदौर में विश्वस्तरीय मेट्रो प्रणाली प्रदान करने के हमारे विज़न को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | स्वतंत्र समय | **इंदौर** | 21.11.2024 | 4 | खाली ओर भरे रैकों के साथ 90किमी प्रति घंटा से दौड़ी मेट्रो |

डाक पंजीयन क्रमांक : म.प्र./भोपाल/4-538/2024-26

# स्वतंत्र समय

इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

इंदौर | गुरुवार 21 नवंबर 2024 | वर्ष - 11 | अंक-197 | पृष्ठ-08 | मूल्य-03 रु. E- PAPER WWW.SWATANTRASAMAY.COM PAGE- 4 पुरुषोत्तम अग्रवालः इंदौर के उद्योगपति...

### गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 स्टेशन के बीच मुख्य लाइन ट्रैक पर परीक्षण पूरा

## खाली और भरे रेकों के साथ 90 किमी प्रति घंटा से दौड़ी मेट्रो

**स्वतंत्र समय, इंदौर**

इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत अनुसंधान , डिजाइन और मानक संगठन यानी रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंण्डर्डस आर्गेनाईजेशन (आरडीएसओ) द्वारा संचालित इंदौर मेट्रो रोलिंग स्टॉक (मेट्रो रेल सेट) के ऑसिलेशन और इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस ट्रायल सफलतापूर्वक पूरे हो गए हैं! इस मौके पर मेट्रो कम्पनी के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने विश्व स्तरीय मेट्रो की दिशा में इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी। विगत 9 से 17 नवंबर के बीच, गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-03 स्टेशन के बीच मुख्य लाइन ट्रैक पर आरडीएसओ ने इंदौर मेट्रो पर महत्वपूर्ण परीक्षण किए, जिसमें सवारी की गुणवत्ता और ब्रेकिंग प्रदर्शन का आकलन किया गया। एमडी एस. कृष्ण चैतन्य,ने इस उपलब्धि को इंदौर की परिवर्तनकारी शहरी परिवहन प्रणाली के लिए परिचालन तत्परता की दिशा में एक कदम बताया।



इंदौर में रोलिंग स्टॉक (मेट्रो रेल सेट) प्रशिक्षण पूरा होने पर मेट्रो के एमडी ने पूरे स्टाफ को बधाई दी

### परीक्षण रिपोर्ट मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त को भेजी जाएंगी

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि मेट्रो रेक के लिए ऑसिलेशन ट्रायल पूरा हो चुका है। आरडीएसओ अब ट्रायल के इस सेगमेंट की अपनी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड के साथ-साथ मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) को भेजेगा। ये परीक्षण खाली और भरे हुए दोनों रेकों के साथ 90 किमी/घंटा की अधिकतम गति सीमा पर किए गए। मेट्रो प्रणालियों के लिए दोलन परीक्षण विभिन्न गति पर ट्रेन के गतिशील प्रदर्शन और स्थिरता का परीक्षण करते हैं। 9 नवम्बर से शुरू हुए ये परीक्षण मेट्रो के सुरक्षित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन परीक्षणों के दौरान जिन प्रमुख पहलुओं पर परीक्षण किया गया, उनमें यात्रियों के आराम को सुनिश्चित करने के लिए ट्रेन के अंदर होने वाले कंपन और त्वरण का मूल्यांकन करके सवारी की सुविधा का निर्धारण करना शामिल है।

### परीक्षण के मुख्य बिंदु

***परीक्षण का उद्देश्य :*** *इन परीक्षणों का उद्देश्य रोलिंग स्टॉक के विभिन्न परिचालन परिदृश्यों के तहत ऑसिलेशन व्यवहार और ब्रेकिंग का मूल्यांकन करना था।*

***महत्वपूर्ण डेटा संग्रह :*** *विशेषज्ञों ने सावधानीपूर्वक कई महत्वपूर्ण मापदंडों जैसे राइड क्वालिटी, स्थिरता, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस, और सम्पूर्ण रोलिंग स्टॉक का मूल्यांकन रिकॉर्ड किया। यह डेटा इंदौर मेट्रो की वाणिज्यिक संचालन के लिए सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।*

***इंदौर मेट्रो के लिए महत्व :*** *इन सफल परीक्षणों का इंदौर मेट्रो रेल परियोजना में एक प्रमुख महत्व है एवं उपलब्धि को दशार्ता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि रोलिंग स्टॉक सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता के उच्चतम मानकों को पूरा करता है।*

***आगे की योजना :*** *परीक्षणों के दौरान संग्रह किए गए डेटा और निष्कर्षों का विश्लेषण अब सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी को अंतिम रूप देने के लिए किया जाएगा। यह उपलब्धि इंदौर में मेट्रो सेवाओं की शुरूआत की दिशा में प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इंदौर मेट्रो परियोजना शहर में शहरी परिवहन का स्वरूप बदल देगी और शहरवासियों के लिए एक कुशल, और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली प्रदान करेगी।*

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | अग्निबाण | इंदौर | 22.11.2024 | 7 | 10 दिनों तक चली साढ़े 5 किलोमीटर कॉरिडोर पर मेट्रो की टेस्टिंग |

अग्निबाण Page No. 7 Nov 21, 2024 Indore

# 10 दिनों तक चली साढ़े 5 किलोमीटर कॉरिडोर पर मेट्रो की टेस्टिंग

इंदौर।

**नए साल से इंदौर मेट्रो के एक हिस्से का व्यवसायिक संचालन शुरू किया जाना है, जिसकी जोर-शोर से तैयारी मेट्रो कॉर्पोरेशन द्वारा इन दिनों जारी है। अभी साढ़े 5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर लगातार 10 दिनों तक सफल टेस्टिंग की गई, जिसमें लोड, इमरजेंसी ब्रेक, राइड क्वालिटी से लेकर अन्य मापदण्डों का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर 03 की मुख्य लाइन पर यह टेस्टिंग की गई और इसी पर व्यवसायिक संचालन अभी शुरुआत में किया जाना है। प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य के मुताबिक सभी टेस्टिंग सफल रही है और इंदौर में विश्व स्तरीय मेट्रो प्रणाली अगले कुछ समय में शुरू हो जाएगी।**

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड कराया गया इंदौर मेट्रो रोलिंग स्टॉक के लिए दोलन और इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ये परीक्षण अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन द्वारा 9 से 17 नवंबर तक गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर-3 स्टेशन के बीच मुख्य लाइन ट्रैक पर आयोजितहुआ। इस परीक्षण का उद्देश्य रोलिंग स्टॉक के विभिन्न परिचालन परिदृश्यों के तहत ऑसिलेशन व्यवहार और ब्रेकिंग का मूल्यांकन करना था। विशेषज्ञों ने सावधानीपूर्वक कई महत्वपूर्ण मापदंडों जैसे राइड क्वालिटी, स्थिरता, इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस, और सम्पूर्ण रोलिंग स्टॉक का मूल्यांकन रिकॉर्ड किया। यह डेटा इंदौर मेट्रो की वाणिज्यिक संचालन के लिए सुरक्षा प्रमाणन और तकनीकी मंजूरी प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन सफल परीक्षणों का इंदौर मेट्रो रेल परियोजना में एक प्रमुख महत्व है एवं उपलब्धि को दर्शाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि रोलिंग स्टॉक सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता के उच्चतम मानकों को पूरा करता है। परीक्षणों के सफल समापन पर, एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक व अन्य ने परीक्षणों के निष्कर्षों की समीक्षा की। इस अवसर पर एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, ने कहा - ऑसिलेशन और उक्त परीक्षणों का सफल समापन इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | प्रदेश टुडे | इंदौर | 22.11.2024 | 08 | 90 की स्पीड से दौड़ी इंदौर मेट्रो, 970 पैसेंजर करेंगे तीन कोच में सफर |



# 90 की स्पीड से दौड़ी इंदौर मेट्रो, 970 पैसेंजर करेंगे तीन कोच में सफर



इंदौर। मेट्रो ट्रेन के अधिकारियों के मुताबिक, आरडीएसओ की टीम ने 10 दिन में मेट्रो को ट्रैक पर 20 से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया। इसी बीच इमरजेंसी ब्रेक टेस्ट किए गए। मेट्रो के तीन कोच में कुल 970 पैसेंजर सफर कर सकते हैं। इसी आधार पर मेट्रो में रेत की बोरियां रखकर लोड टेस्ट भी किया गया। साथ ही मेट्रो के सॉफ्टवेयर सहित हर तरह की जांच की गई। मेट्रो के सभी कोच हर मापदंड पर खरे उतरे हैं। मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने कहा कि ऑसिलेशन और ईबीडी परीक्षणों का सफल होना इंदौर मेट्रो परियोजना के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मैं इस उपलब्धि पर मेट्रो टीम, कॉन्ट्रेक्टर, कंसल्टेंट को बधाई देता हूं। यह सफलता इंदौर में विश्व स्तरीय मेट्रो प्रणाली प्रदान करने के हमारे विजन को पूरा करने की दिशा में खास कदम है।